तू हाथ पकड़ ले बाबा

तू हाथ पकड़ ले बाबा ये हाथ कभी अब छूटे न,
साथ तेरा न छूटे तू मुझसे रूठे न,
मेरे श्याम ओ मेरे श्याम,
तू हाथ पकड़ ले बाबा ये हाथ कभी अब छूटे न,

जब से देखि तेरी सूरत हो गई हु वावरी मैं,
तेरे रंग में रंग के मोहन होना चाहु सांवली मैं,
तेरी अदा ने तिर्शी निगहा ने बांकी छटा ने पगल मुझे बना दियां
तू हाथ पकड़ ले बाबा ये हाथ कभी अब छूटे न,

मैं क्या बोलू मैं क्या मांगू जो है दिल में तू वो जाने,
आस मेरी कर दे पूरी मेरे कान्हा किसी बहाने,
पर तुझपे मोहन कर दियां अर्पण तन मन ये जीवन,
अपना तुझे बना लिया,
तू हाथ पकड़ ले बाबा ये हाथ कभी अब छूटे न,

तेरी पूजा तेरी भक्ति मेरे जीवन का है ये गहना,
तेरी सेवा नित करू मैं तेरी दासी बन के है रहना,
मेरे आँखों में तू सांसो में बातो में तू है,
तुझसे ये दिल लगा लिया,
तू हाथ पकड़ ले बाबा ये हाथ कभी अब छूटे न,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9950/title/tu-hath-pakad-le-baba--ye-hath-kabhi-ab-chute-naa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |